## एक नजर में



### जयस्तम्भ चौक प्राचीन शहीद स्मारक पर में किया गया, ध्वजारोहण

**बालाघाट।** सर्व-समाज एकता संगठन बालाघाट द्वारा पिछले 35 वर्षों के पारम्परिक राष्ट्रीय एकता को अक्षुण बनाये रखते हुये हर वर्ष आजादी का जश्न मनाया जाता है। इसी परम्पराओं का पालन करते हुये इस वर्ष भी जयस्तम्भ चौक प्राचीन शहीद स्मारक में ध्वजारोहण पूरे देश भक्ति गरिमामयी माहौल में झंडा फहराया गया द्य सर्वप्रथम 15 अगस्त 79 वे स्वतंत्रता दिवस के सुभ अवसर पर सुबह उपस्थित सभी प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने आन बान शान के देश प्रतीक तिरंगे को सामूहिक राष्ट्रगान गाकर, भारत माता की जय, वन्देमातरम, और स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाते हुए ध्वजारोहण किया। साथ ही हिन्दू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए राष्ट्रवाद की भावना गौरान्वित किया। इसके पश्चात अध्यक्षीय उद्बोधन रविशंकर दुबे में देश प्रेम शहीदों और स्वतंत्रता से संबंधित बातों को सबके समक्ष रखा फिर अंत मे प्रसादी वितरण किया गया ।

### घुघरी का विकास मॉडल बना प्रेरणा

घुघरी नभाप्र. बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नारायण सिंह पट्टा द्वारा घुघरी में कराए गए विकास कार्यों की चर्चा पूरे मंडला जिले में हो रही है। उनके नेतृत्व में घुघरी में एक उच्च गुणवत्ता वाली फोरलेन सड़क और पक्की नाली का निर्माण किया गया है, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है।

घटना

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में लालबर्रा पुलिस ने की कार्रवाई

# शराब पीकर सडक दुर्घटना कारित करने पर पुलिस की कार्रवाई



**नवभारत, बालाघाट।** 15 अगस्त को रात्रि लगभग 08ः30 बजे फरियादी श्रीमती रेखा टरेंडे (उम्र 35 वर्ष) अपनी बहन पुष्पा टरेंडे एवं 09 वर्षीय पुत्र सत्यम टरेंडे के साथ लालबर्रा की ओर आ रही थीं। उसी समय मानपुर पुलिया के पास लालबर्रा की ओर से आ रही सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक ष्टत्र-10-स्न-6400, जिसे आरोपी सरफराज उर्फ सरफरोज खान शराब के नशे में खतरनाक एवं लापरवाहीपूर्वक चला रहा था, ने पहले सड़क किनारे खड़ी दो गायों को टक्कर मारी और तत्पश्चात मासूम सत्यम को भी अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल सत्यम को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहाँ दुर्भाग्यवश उसकी मृत्यु हो गई।

आरोपी को मौके पर हिरासत में लेकर ब्रेथ एनालाइज़र टेस्ट किया गया, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। तत्पश्चात मेडिकल परीक्षण कराया गया और सैम्पल सुरक्षित किए गए।

दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन मारुति स्विफ्ट ष्टत्र-10-स्न-6400 को जप्त किया गया।

घायल पशुओं का पशु चिकित्सक द्वारा परीक्षण कराया गया।

वैज्ञानिक साक्ष्य (फिंगर प्रिंट, डीएनए आदि) संकलित कर फोरेंसिक लैब भेजे जा रहे हैं।

इस दुर्घटना को केवल रोड एक्सीडेंट न मानते हुए लालबर्रा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 359/25, धारा 110 बीएनएस, 184 व 185 मोटर व्हीकल एक्ट एवं इजाफा धारा 105 बीएनएस (गैरइरादतन हत्या) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध किया है।

प्रकरण में आरोपी सरफराज उर्फ सरफराज पिता रमजान खान 25 वर्ष अमोली थाना लालबर्रा को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय ज्यूडिशियल पेश किया गया है। माननीय न्यायालय के आदेश पर आरोपी सरफराज को जेल दाखिल किया गया।

शराब पीकर वाहन न चलाएँ और न किसी को चलाने दें। ऐसी दुर्घटना से किसी की मृत्यु होने पर, यह केवल एक्सीडेंट नहीं है, बल्कि गैर इरादतन हत्या (भारतीय न्याय संहिता की धारा 105) की श्रेणी में आता है।

माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति शराब के नशे की स्थिति में वाहन चलाता है और इससे मृत्यु हो जाती है, तो आईपीसी की धारा 304 (भाग ढ्ढ) (वर्तमान 105 भारतीय न्याय संहिता) के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

**पुलिस की त्वरित एवं सख्त कार्यवाही**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालाघाट श्री आदित्य मिश्रा (भा.पु.से.) के सख्त निर्देशों पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राकेश पंद्रो एवं एसडीओपी वारासिवनी श्री अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में लालबर्रा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की।

# 21 अगस्त को कटंगी बंद का ऐलान

**नवभारत, कटंगी।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले के खिलाफ अब देश भर में एससी-एसटी वर्ग सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की वृहद तैयारी कर चुका है. 21 अगस्त बुधवार को देशव्यापी बंद का आह्वान किया गया है. सम्पूर्ण बालाघाट जिले के साथ ही साथ कटंगी तिरोड़ी तहसील की आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने भी भारत बंद को समर्थन देते हुए कटंगी तिरोड़ी बंद का आह्वान किया है. सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने 1 अगस्त 2024 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया. था जिसके विरोध में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 01 अगस्त को दरविन्दर सिंह बनाम पंजाब राज्य के मामले में निर्णय पारित किया कि अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के भीतर आरक्षण के लिये उप वर्गीकरण /क्रीमी लेयर किया जा सकता हैं जबकि पूर्व में माननीय सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ के द्वारा ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के मामले में निर्णय पारित किया गया था कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच एक समरूप हैं, सभी जातियां समान वर्ग में आती हैं, इसलिए जाति-जातियां के बीच उपवर्गीकरण (क्रीमीलेयर) नहीं किया जा सकता. संविधान निर्माता डॉ बी.आर.अम्बेडकर ने संविधान के भाग 3 मूल अधिकार में समता का अधिकार प्रदान किया है. विधि के समक्ष समता अनुच्छेद 14 में उल्लेखित किया और अनुच्छेद 15 में लिखा गया कि राज्य किसी भी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान अथवा इनमें से किसी के भी आधार पर विभेद नहीं करेगा. किन्तु भारतीय संविधान की मूल भावना को खंडित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2024 निर्णय पारित किया जिससे जातियों के बीच अनेकों मतभेद उत्पन्न होगें. हम एससी/एसटी के सभी लोग आपस में एकता और अखण्डता को विभेद नहीं करना चाहते और हम आपस में एकता और अखण्डता बनाये रखना चाहते हैं और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित निर्णय को निरस्त किये जाने की मांग कर संविधान के अनुच्छेद 341, 342 के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था कराने की मांग करते है.

आरक्षण बचाओं संघर्ष समिति सलाहकार एवं मुख्य संरक्षक अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े, जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति कटंगी के अध्यक्ष देवराज पन्द्रे, सचिव रामकृष्ण परते, उपाध्यक्ष संजय शेण्डे, प्रशांत मेश्राम, महेश बोरकर, प्रशांत हुमनेकर, कपिल मेराम, चमन डोंगरवार, अजय नागदेवे, लक्ष्मण भलावी, शैलेन्द्र वाहने, घनश्याम कुजांम, गोंविदा वर्षेकर, अनिल खोब्रागड़े, सहसचिव किशोर उके, कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडाले, रंजीत भालेराव, फुलसिंह परते, सखाराम इनवाती, किशनलाल भोण्डेकर, अशोक कारसर्पे, प्रकाश बिंझाड़े, जगदीश राउत, ऋषभ हिरकने ने सभी एससी और एसटी वर्ग के लोगों ने 21 अगस्त को सुबह 07 बजे बस स्टेण्ड के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल के समक्ष एकत्रित होने की अपील की है. कार्यक्रम स्थल बस स्टेंड कटंगी में उपस्थित जनसमूह को वक्ताओ द्वारा सम्बोधित कर राष्ट्रपति महोदया के नाम 10सुत्रीय मांगो का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटंगी सोपा जाएगा !

## सत्य,धर्म व मानवता की जीत के लिये प्रभु श्रीकृष्ण ने भी की थी राजनीति : जायसवाल

**शिवधाम व गौठान में श्रीकृष्ण व राधारानी की प्रतिमा की हुई स्थापना**



**नवभारत, वारासिवनी।** सदभावना कृष्ण उत्सव समिति शिवधाम मोहल्ला वारा में श्रीकृष्ण व राधारानी के दरबार मे विशेष आमंत्रण पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, प्रबल जायसवाल, नगर मंडल अध्यक्ष सन्दीप मिश्रा ने पहुचकर आराधना की। इस अवसर पर कायदी की प्रसिद्ध संगीत टीम व प्रमुख गायक कोहिनूर पन्डेले ने लंबे समय तक भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को प्रभावित भी किया।

इस अवसर पर गुड्डा भैया ने कहा की आज शिवधाम के युवाओ की लंबी चैड़ी टीम ने सकारात्मक सोच का परिचय दिया है। हमारा भी सदैव प्रयास रहता है की हम युवा वर्ग को अनेकों प्रकार के मंच देकर उन्हें अच्छी दिशा प्रदान करे। जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके।

जन्माष्टमी पर तीन दिवसीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये गुड्डा भैया ने कहा की श्रीकृष्ण ने भी हमारी तरह जीवन मे अनेकों उतार चढ़ाव देखे है। प्रभु ने प्रेम के सन्देश के साथ जरूरत पड़ने पर क्रोध का भी सहारा लिया है। सत्य,धर्म व मानवता को जिताने के लिए राजनीति भी की है। साथ ही बगैर शस्त्र उठाये धर्म की स्थापना की है।

इस तरह प्रतिवर्षानुसार इस साल भी 18 अगस्त को वार्ड नम्बर 12 गौठान में दो दिवसीय जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण व राधारानी का आशीर्वाद लेने गुड्डा भैया पहुचे। नगर गोवारी समाज समिती के इस भव्य कार्यक्रम में समाज के द्वारा मनोहारी राधे राधे गमछा पहनाकर गुड्डा भैया का अभिनन्दन भी किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम मे हवन,भंडारा के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली गयी। इस अवसर पर विशेष रूप से न पा अध्यक्ष श्रीमती सरिता दादरे, पार्षद श्रीमती ललिता ठाकरे,अज्जु भोंडे,राजू कारसरपे,अनिल एसने,बन्डू चैधरी,नगर मंडल अध्यक्ष सन्दीप मिश्रा, मनोज दादरे, पूर्व पार्षद रामकली टेकाम,पार्षद मोनु लिमजे, पार्षद मदन धार्मिक, पार्षद प्रवीण डोंगरे आदि के साथ सामाजिक बन्धुगण भी उपस्थित रहे।

## बाईक चोरी गई

**बबलिया नभाप्र.** विगत दिवस 14 व 15 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात चोर ने घर के बाहर खड़ी बाईक पर हाथ साफ कर दिया। ग्राम देवरीकला बबलिया निवासी शिकायतकर्ता दीपक यादव ने इसकी रिपोर्ट निवास थाने में दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता दीपक ने रिपोर्ट में बताया कि वह कृषि कार्य करता है, और 14 अगस्त को वह अपनी मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 51 एमजे 7027 को रात्रि करीब 9 बजे घर के सामने मार्ग किनारे ग्राम देवरीकला बबलिया में खड़ा कर दिया था। वही मोटरसाईकिल रात्रि 12 बजे तक घर के सामने खड़ी रही। शिकायतकर्ता दीपक ने बताया कि 15 अगस्त की सुबह 4 बजे जब वह उठा और देखा तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान पर नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली गई। आसपास बाईक की तालाश की लेकिन कहीं नहीं मिली। जिसकी शिकायत निवास थाने में दर्ज कराई है।

## बैहर में विशाल नि :शुल्क महाआरोग्य शिविर का आयोजन 21 को, राज्यपाल मंगूभाई पटेल होंगे शामिल

**स्वास्थ्य लाभ हेतु महाआरोग्य शिविर में कराएं परीक्षण : सांसद भारती पारधी**



**नवभारत, बालाघाट।** वर्तमान समय की भाग-दौड भरी दिनचर्या में उत्तम स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। जब शरीर स्वस्थ होगा तो हम ऊर्जा के साथ शारीरिक गतिविधियों को आसानी से कर सकेंगे। कहा जाता है कि पहला सुख निरोगी काया ही सबसे बडा सुख ही स्वस्थ शरीर है और यदि स्वस्थ शरीर है तो जीवन को सुखद बनाया जा सकता है। देखा जाए तो अधिकांश स्वास्थ्य शिविर शहरी क्षेत्र या मुख्यालय में ही आयोजित होते हैं, लेकिन बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने महाआरोग्य स्वास्थ्य शिविर के लिए वनांचल क्षेत्र बैहर को चुना जहां बडी संख्या में आदिवासी जन निवासरत है और यह स्वास्थ्य शिविर बैहर के नगरीय क्षेत्र तथा यहां आसपास वनांचल क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी जन शिविर में जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे जो उनके लिए संजीवनी का कार्य करेगा। सांसद भारती पारधी के मार्गदर्शन में आयोजित इस महाआरोग्य स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल शामिल होंगे।

21 अगस्त को जिले के वनांचल क्षेत्र बैहर में विशाल नि:शुल्क महाआरोग्य शिविर का आयोजन प्रात: 9 बजे से शाम 04 बजे के बीच एकलव्य विद्यालय बैहर में होने जा रहा है जहां शिविर में प्रमुख रूप से सिकल सेल, एनीमिया, टीबी की रोकथाम, पहचान व प्रबंधन, आंखों की जांच, नाक कान गला तथा दांतों की जांच, सर्वाईकल कैंसर, प्रसूती व स्त्री रोग, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, सामान्य चिकित्सा एवं हृदय रोग तथा सभी प्रकार के रोगों की जांच एवं उपचार नि:शुल्क किया जायेगा। साथ ही पोषण किट एवं चश्मा वितरण किया जायेगा।


बैहर के एकलव्य विद्यालय में होने जा रहे नि:शुल्क महाआरोग्य स्वास्थ्य शिविर के संबंध में सांसद श्रीमती पारधी ने बताया कि मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल का नि:शुल्क महाआरोग्य स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने के? लिए बैहर आगमन हो रहा है जो आदिवासी जनों से चर्चा कर उनके वनांचल जीवन को साझा करेंगे।

# विधायक अनुभा मुंजारे ने प्रभारी मंत्री से की भेंट



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे इस समय भोपाल प्रवास पर है। इस प्रवास के दौरान उन्होने आज 18 अगस्त को बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से भेंट की। भोपाल वल्लभ भवन में पहुंचकर विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह से भेंट कर अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यो को लेकर चर्चा की गई। स्कूल भवन सहित अपने क्षेत्र के विविध विकास कार्यो को लेकर चर्चा की गई और उन्हें स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह से भोपाल वल्लभ भवन में भेंट कर विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की गई और यह भेंट सार्थक रही। प्रभारी मंत्री द्वारा विविध कार्यो को लेकर सहयोग का भरोसा दिया गया और मार्गदर्शन भी दिया गया। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि क्षेत्र के विकास उनकी प्राथमिकता में है और इसके लिये वह समय-समय पर उच्च अधिकारियों के साथ ही संबंधित मंत्रियों से भेंट कर सहयोग प्राप्त कर रही है। जिसमें सफलता भी मिली है और कार्य स्वीकृत हो रहे है। क्षेत्र के विकास के लिये जो आवश्यक हो सकता है वह प्रयास आगे भी जारी रखेगी।

# खारा में अवैध शराब के विरूद्ध छापामार कार्यवाही



**किरनापुर।** किरनापुर थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम खारा में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट किरनापुर एंव पुलिस विभाग ने अवैध शराब के विरूद्ध छापामार कार्यवाही की है जिसमे करीब 28920 रु की देशी-विदेशी शराब जब्त की गई है । कलेक्टर बालाघाट मृणाल मीना के निर्देश पर आबकारी एंव पुलिस विभाग द्वारा शराब के अवैध रूप से निर्माण, भण?डार एवं परिवहन पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर 15 अगस्?त की शाम 07 बजे ग्राम खारा में भी छापामार कार्यवाही की गई।

जिसमे श्याम उर्फ बल्लू पिता दुर्योधन मालापूरे अवैध रूप से दो दुकानों में शटर लगाकर देशी एंव विदेशी शराब का भंडारण किया हुआ था और वह दुकान के पीछे गुमठी लगाकर लोगो को शराब बेचने व पिलाने का काम करता था मुखबिर की सूचना पर केशोराव टेकाम कार्यपालिक मजिस्ट्रेट किरनापुर एंव अशोक कुमार ननामा के मार्गदर्शन में रजेगांव पुलिस ने ग्राम खारा निवासी श्याम उर्फ बल्लू मालापूरे की दुकान के शटर का ताला तोड़ा और विभिन्न प्रकार की देशी विदेशी शराब को जब्त किया है जिसकी कीमत करीब 28920 रु आँकी गई है। हालांकि मौके का फायदा उठाकर आरोपी श्याम उर्फ बल्लू मालापूरे पुलिस की छापामार कार्यवाही की भनक लगते ही वहां से फरार होने में कामयाब हो गया। ग्राम खारा के ही कुछ सूत्रों से पता चला कि श्याम उर्फ बल्लू रजेगांव शराब दुकान से शराब लाकर बेचता था और इसमें रजेगांव शराब दुकान का मैंनेजर अशोक शुक्ला उसकी मदद करते हुए ग्राम खारा में शराब भेजता था।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अशोक शुक्ला रजेगांव शराब दुकान से ग्राम हट्टा, पाथरी, भानेगांव एंव महाराष्ट्र के कुछ सीमावर्ती गांवो में शराब भिजवाता रहा है। किरनापुर पुलिस ने फरार आरोपी श्याम उर्फ बल्लू मालापूरे पर 34(2) आबकारी अधिनियम की धारा 223 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



## प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा

**नवभारत, बालाघाट।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति दमोह की वार्षिक आमसभा पूर्व विधायक भगत नेताम तथा हजारों किसानों की उपस्थिति में संपन्न हुई । इस बैठक मे वार्षिक आय-व्यय लेखा परीक्षण,संस्था के घाटे का परीक्षण,आगामी वित्तीय बजट का ब्यौरा प्रस्तुतिकरण,नवीन समिति रेलवाही के गठन,यूरिया डीएपी की तत्काल आपूर्ति जिला प्रशासन से कराने जैसे विषयों पर चर्चा कर त्वरित कार्यवाही प्रारंभ करने निर्णय लिया गया ।

इस बैठक मे किसानों से संवाद कर बीमा की राशि भुगतान के साथ-साथ बैंक खातों से आहरण संबंधी समस्याओंह्व के निदान के संबंध मे प्रशासक तथा ब्रांच प्रबंधक को निर्देशित कर एटीएम शीघ्र किसानों को उपलब्ध कराने चर्चा की गयी।

# सांप काटने से महिला की इलाज के दौरान मौत



**नवभारत, वारासिवनी।** वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोचवाही मे रविवार की शाम लगभग 6.30 बजे वारासिवनी वन विभाग में पदस्थ वन रक्षक अशोक परते की पत्नी सपना परते क़ो सांप के काटने पर निजी वाहन की सहायता से तत्काल वारासिवनी सिविल अस्पताल मे भर्ती करवाया गया मगर सुचना देने के बाद भी डियूटी मे तैनात चिकित्सक विक्रम शरणागत लगभग एक घटे बाद पहुंचे मगर समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण सपना परते की मौत हो गई जिसके बाद सोमवार की सुबह मृतक कोचवाही निवासी 36 वर्षीय सपना परते के पति अशोक परते द्वारा लाफ़रवाही बरतने वाले चिकित्सक पर थाने पहुँचकर कार्यवाही की मांग की गई जिसके पश्चात सोमवार की सुबह सपना परते का पोस्टमार्टम करवाया गया सुचना मिलने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल परिजनों से मिलने पहुँचे और जानकारी लेने के बाद लाफ़रवाह चिकित्सक पर कार्यवाही करने की बात कहीं।

मृतक समना परते के पति अशोक परते ने बताया की रविवार क़ो मैं वारासिवनी वन विभाग मे डियूटी मे था मुझे मेरी मम्मी रैवंता का फोन आया और कहा की बहु क़ो हाथ मे सांप ने काट दिया हैँ जिससे बाद तत्काल मोहल्ले वालो की सहायता से निजी वाहन से वारासिवनी सिविल हॉस्पिटल मे लाया गया मग़र वहाँ सिर्फ एक नर्स डियूटी मे मौजूदी थी उनके द्वारा डॉक्टर विक्रम शरणागत क़ो फोन करके बुलाया गया मगर लगभग एक घटे बीत जाने के बाद भी डॉक्टर समय पर नहीं पहुँचे समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण मेरी पत्नी की मौत हो गई ऐसे लाफ़रवाह डॉक्टर पर कार्यवाही होनी चाहिए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल सिविल अस्पताल पहुंचे और रविवार की रात्रि मे कौन से चिकित्सक़ो की डियूटी लगी थी जानकारी मांगी और हॉस्पिटल मे पहुँचे मरीजों का हाल चाल जाना और उसके परेशानी पूछी वही बीएओ डॉक्टर झोड़े क़ो मौके बुलाकर उनसे चर्चा की और वहाँ मौजूद बीपीएम संजय तुरकर क़ो जमकर फटकार लगाई और सीएमएचओ परवेश उपलव से फोन मे चर्चा कर लाफ़रवाह बरतने वाले कर्मचारियों क़ो कार्यवाही करने के निर्देश दिए वही उन्होंने कहा की ऐसे लाफ़रवाह डॉक्टर मेरे विधानसभा क्षेत्र मे ना रहें जिससे क्षेत्र की जनता क़ो समय पर इलाज ना दे सके।

**शराब के नशे में डियूटी करते है चिकित्सक : अभिषेक**

व्यापारी अभिषेक सुराना ने बताया की रात के समय ज़ब भी कोई मरीज इलाज के समय हॉस्पिटल आता हैँ ज्यादातर चिकित्सक शराब के नसे मे ही रहते हैँ वही डियूटी के समय हॉस्पिटल मे मौजूद भी नहीं रहते हैँ कई बार शिकायते करने के बाद भी कागज मे कार्यवाही हो जाती हैँ जमीन स्तर पर कोई कार्यवाही नजर नहीं आती है।

## अम्बेडकर चौक, पंचायत भवन में किया गया ध्वजारोहण



**किरनापुर।** 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति के गीतों से बस स्टेंड अम्बेडकर चौक में गुंजा,सुबह, अंबेडकर चौक और पंचायत भवन में राष्ट्रप्रेम का प्रतीक ध्वजारोहण समारोह बड़े ही उल्लास और गरिमामयी साम्राज्य में हुआ। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, अधिकारियों और विशिष्ट पदधारियों ने भाग लिया।वही इस बार कुछ बस स्टेंड का अम्बेडकर चौक चका चौंद था ,मूर्ति अनवरण के बाद यह प्रथम अम्बेडकर चौक पर 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर उत्साह और उमंग के साथ सभी देश भक्तियों । कन्या हाई स्कूल समस्त शिक्षक ,स्काउड गाइड के साथ उपस्थिति मे मनाया गया। जिसमे समिति अध्यक्षता के रूप मे जेपी रामटेके द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद सभी ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाया।जिसके बाद उपस्थित उपासक उपाशिको, स्काउड गाइड द्वारा सेल्यूट किया गया ।समारोह में उपस्थित लोगों ने अपने देश के प्रति सम्मान व्यक्त किया और स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के नारो से अम्बेडकर चौक गुंज उठा। तत्पश्चाचत किरनापुर ग्राम पंचायत के प्रांगण मे पूर्व विधायक हिना कावरे ,माता जी पुष्प लता कावरे एवं ग्राम नागरीक ,और पंचगण के जिला पंचायत से सदस्य चेत्तना अजय कुर्राहे ,जिला पंचायत से सदस्य मीरा राधेश्याम सिंग्नदुपे,ग्राम सचिव रोजगार सहायक,पंचगण एवं पत्रकार साथियों के उपस्थित मे महात्मा गांधी जी ,अम्बेडकर जी की प्रतिमा से बारी बारी माला अर्पण कर ग्राम के सरपंच धर्मकला भाई जेपी रामटेके द्वारा ध्वजारोहण किया किया है,स्कूल के छात्राओं द्वारा सेल्यूट कर देश भक्ति वीर शहीदो के खूब नारे लगाए ।